आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर

आदेश की क्रम संख्या एवं तारीख

# लगान धार्य वाद सं०– 41/2020–21

## –: आदेश :–

अभिलेख उपस्थापित। अंचल अधिकारी, महेशपुर के पत्रांक–218/रा0, दिनांक–22.03.2021 के द्वारा लगान धार्य अभिलेख सं0–10/2020–21 से लगान निर्धारण संबंधी प्रपत्र एम0 सहित प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। अभिलेख का अवलोकन किया गया। हल्का कर्मचारी/अंचल निरीक्षक के प्रतिवेदन अनुसार प्रश्नगत भूमि मौजा–चापतुड़ा, थाना सं0–288, जमाबंदी खाता नं0–107/38 अन्तर्गत दाग सं0–17 कुल रकवा 00बी0–01क0–16धूर भूमि में से रकवा 00बी0–00क0–12धूर भूमि तथा दाग सं0–18 कुल रकवा 00बी0–11क0–10धूर भूमि में से रकवा–00बी0–01क0–16½ धूर कुल रकवा–00बी0–02क0–8½धूर भूमि किस्म वास्तु–सह– आगन जो विगत सर्वे खतियान में रैयत परव बेवा, पति– विपिन लेट के नाम से खतियान में दर्ज है।

आवेदक रतन लेट पिता–स्व0 गोसाई लेट, सा0–चापतुड़ा, थाना–महेशपुर, जिला–पाकुड़ का मौजा–चापतुड़ा, थाना सं0–288, जमाबंदी खाता नं0–107/38 अन्तर्गत दाग सं0–17 कुल रकवा 00बी0–01क0–16धूर भूमि में से रकवा 00बी0–00क0–12धूर भूमि तथा दाग सं0–18 कुल रकवा 00बी0–11क0–10धूर भूमि में से रकवा 00बी0–01क0–16½ धूर कुल रकवा–00बी0–02क0–8½धूर भूमि जो निबंधित केवाला सं0–3684/दिनांक–02.07.2015 के माध्यम से क्रय किया है। जिसपर आवेदक का शांतिपूर्ण दखल कब्जा है। अंचल अधिकारी महेशपुर ने प्रश्नगत भूमि का लगान निर्धारण करने का स्पष्ट अनुशंसा की है। इस कार्यालय द्वारा मौजा के सोलह आना रैयतों को प्रोसेस पियून के माध्यम से नोटिस निर्गत किया गया। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। निर्गत नोटिस के बाद किसी भी व्यक्ति के द्वारा कोई आपत्ति दाखिल नहीं की गई है।

अतः अंचल अधिकारी महेशपुर के अनुशंसा एवं राजस्व आय में वृद्धि हेतु प्रश्नगत भूमि का 2/–(दो रूपये) प्रति वर्ष वार्षिक (अलावे शेष) लगान की दर से रकवा–00बी0–02क0–8½ धूर भूमि का आवेदक रतन लेट पिता–स्व0 गोसाई लेट, सा0–चापतुड़ा, थाना– महेशपुर, जिला–पाकुड के नाम करने की अनुशंसा करते हुए स्वीकृति दी जाती है। लगान जमीन्दारी उन्मूलन की तिथि से वसूलनीय होगा। प्रपत्र एम0 में हस्ताक्षर कर दिया गया है। प्रपत्र एम0 एवं आदेश की प्रति अंचल अधिकारी, महेशपुर को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजें।

लेखापित एवं संशोधित।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
पाकुड़।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
पाकुड़।

लगान धार्य वाद सं०-41/20-21

# अंचल कार्यालय, महेशपुर।

जिला–पाकुड़

प्रपत्र "M"

जिला– पाकुड़ अनुमंडल-पाकुड़ अंचल– महेशपुर मौजा का नाम– चापरुडा थाना स0– 288 हल्का सं0– 04 तौजी नं0– ..............

| क्रमांक | सेटेलमेंट खतियान के अनुसार दखलकार रैयत | | | | | | लगान धैर्य तालिका का नाम | | | | प्रति बीघा लगान दर | नया लगान धैर्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | खतियान के अनुसार दखलकार रैयत का नाम | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकवा | किस्म भूमि | वर्त्तमान दखलकार रैयत का नाम पिता का नाम एवं पता | खेसरा सं0 | रकवा | किस्म भूमि | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | पद्म बैरा, पति-विपिन बेरा | 107/38 | 17 | 0-1-16 | वास्तु घर आंगन | रतन लेट्ट पिता-स्व० गोपाई लेट | 17 | 0-0-12 | वास्तु घर | | | | महाशय, मौजा चापरुडा के जमाबंदी नं०-107/38 के रैयत-पद्म बैरा, पति-विपिन बेरा के नाम से खतियान में दर्ज है। आवेदक का उक्त भूमि निबंधित केवाला सं० 3684 दिनांक 2.7.2015 है। महाशय मैंने एवं हल्का कर्मचारी के स्थलीय जाँच में पाया कि उक्त दाग पर आवेदक का मकान अवस्थित है। खतियान में आवेदित दाग की भूमि लगान मुक्त है। अतः आवेदित दाग की भूमि का राजस्व हित में 2.00 रु० प्रति डिसमिल लगान निर्धारण की अनुशंसा की जा सकती है। |
| | | | 18 | 0-1-10 | | | 18 | 0-1-16½ | आंगन | | | | |
| | | | | | | | कुल | 0-2-8½ | | | | | |

हल्का कर्मचारी

अंचल निरीक्षक 08/02/21

अंचल अधिकारी महेशपुर 22/03/21

भूमि सुधार उपसमाहर्ता पाकुड़

Digitally signed by RABINDRA CHOUDHARY
Date: 2021.05.19 14:54:24 +05:30
Location: 2001:0:348b:fb58:1411:5c6:d0f6:1c50